Adda247
GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 29/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

**Q.1** अप्रैल 2025 में, त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान, 'समुद्र प्रदक्षिणा' कहाँ से रवाना किया गया?

Ans
✗ 1. मदुरै
✗ 2. त्रिवेंद्रम
✗ 3. दुर्गापुर
✓ 4. मुंबई

**Q.2** हरमन कोल्बे ने 1845 में अकार्बनिक पदार्थों से प्रथम बार कौन-सा अम्ल बनाया था?

Ans
✓ 1. ऐसीटिक अम्ल
✗ 2. सिट्रिक अम्ल
✗ 3. सल्फ्यूरिक अम्ल
✗ 4. फॉर्मिक अम्ल

**Q.3** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 262
✓ 2. अनुच्छेद 239
✗ 3. अनुच्छेद 1
✗ 4. अनुच्छेद 7

**Q.4** मुख्य तने और मूलों (roots) के किस क्षेत्र में स्पंजी, मुलायम मृदूतक कोशिकाएं (soft parenchyma cells) होती हैं, जो पादप के लिए पोषक तत्वों को ले जाती हैं और संग्रहीत करती हैं?

Ans
✓ 1. मज्जा (Pith)
✗ 2. वल्कुट (Cortex)
✗ 3. रंभ (Stele)
✗ 4. अनुदारु (Metaxylem)

**Q.5** इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 के अनुसार, किन दो राज्यों में उच्च न्यायालय स्तर पर महिला न्यायाधीशों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है, जो 33% है?

Ans
✗ 1. उत्तर प्रदेश और ओडिशा
✗ 2. छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश
✗ 3. केरल और आंध्र प्रदेश
✓ 4. सिक्किम और तेलंगाना

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**80,000+**
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

**600+**
Exam Covered

**20,000+** Previous
Year Papers

**500%**
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 डेस्कटॉप पर नया फ़ोल्डर बनाने के लिए चरणों का सही क्रम चुनें।

Ans

✗ 1. File Explorer ओपन करें→ Desktop पर राइट क्लिक करें → New Folder पर जाएं

✓ 2. Desktop पर राइट क्लिक करें → New → Folder पर जाएं

✗ 3. Taskbar पर राइट क्लिक करें→ Folder सलेक्ट करें→ Enter दबााएं

✗ 4. Start पर क्लिक करें → Settings → New → Folder पर जाएं

Q.7 अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण का अधिकार (दोहरा (परि)संकट और आत्म-दोषसिद्धि से संरक्षण सहित) _________के अंतर्गत आता है।

Ans

✗ 1. अनुच्छेद 21

✗ 2. अनुच्छेद 22

✓ 3. अनुच्छेद 20

✗ 4. अनुच्छेद 23

Q.8 सिंधु घाटी सभ्यता के दौरान, छोटे शहरों में कीमती धातुओं और अर्ध-कीमती पत्थरों से बने आभूषणों की उपस्थिति इस तर्क का समर्थन करती है कि ________।

Ans

✓ 1. वहां प्रबल सामाजिक स्तरीकरण था

✗ 2. सभ्यता पर निरंकुश पुरोहित-राजाओं का शासन था

✗ 3. केवल कुलीन वर्ग के लोगों की ही विलासिता की वस्तुओं तक पहुंच थी

✗ 4. भौतिक वस्तुओं तक समान पहुंच थी

Q.9 ASCII का क्या तात्पर्य है?

Ans

✗ 1. Automated System for Computer Information Interchange (ऑटोमेटेड सिस्टम फॉर कम्प्यूटर इन्फॉर्मेशन इंटरचेंज)

✗ 2. Advanced Standard Coding in Information Industry (एडवांस्ड स्टैंडर्ड कोडिंग इन इन्फॉर्मेशन इंडस्ट्री)

✗ 3. Auxiliary System for Communication and Interchange (ऑक्जिलरी सिस्टम फॉर कम्युनिकेशन एंड इंटरचेंज)

✓ 4. American Standard Code for Information Interchange (अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इंटरचेंज)

Q.10 मई 2025 के दौरान, चौथा यूरोप-अफ्रीका फोरम किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

Ans

✓ 1. मार्सिले (Marseille)

✗ 2. नीस (Nice)

✗ 3. पेरिस (Paris)

✗ 4. ल्यों (Lyon)

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा, 8 मई 2025 को भारतीय नौसेना को प्रदत्त आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (Anti-Submarine Warfare Shallow Water Crafts - ASW SWCs) में से पहला है?

Ans

✗ 1. कदमत्त (Kadmatt)

✗ 2. कामोर्टा (Kamorta)

✗ 3. किल्टन (Kiltan)

✓ 4. अर्नाला (Arnala)

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त सैन्य अभ्यास, भारत और जापान की सेनाओं के बीच प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसका छठा संस्करण, 2025 में माउंट फ़ूजी (Mount Fuji) के निकट सम्पन्न हुआ?

Ans

✓ 1. धर्म गार्डियन

✗ 2. मैत्री

✗ 3. इंद्र

✗ 4. शक्ति

Q.13 बॉक्साइट और अन्य अयस्कों के संवर्धन में मुख्यतः किस प्रकार का अपक्षय शामिल होता है?

Ans

✗ 1. बलकृत अपक्षय

✗ 2. हिमानी अपक्षय

✗ 3. जैविक अपक्षय

✓ 4. रासायनिक अपक्षय

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.14** RTI अधिनियम भारत के नागरिकों को निम्नलिखित में से किससे सूचना मांगने का अधिकार देता है?

**Ans**
✗ 1. गैर-सरकारी संगठनों से
✗ 2. निजी कंपनियों से
✗ 3. विदेशी दूतावासों से
✓ 4. सरकारी विभागों से

**Q.15** ई-नाम (e-NAM) भारत में कृषि बाजारों को एकीकृत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण सुधार है। ई-नाम कार्यक्रम का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

**Ans**
✗ 1. उर्वरक सब्सिडी (Fertiliser subsidy)
✗ 2. फसल बीमा (Crop insurance)
✗ 3. न्यूनतम मजदूरी गारंटी (Minimum wage guarantee)
✓ 4. कृषि उपज का ऑनलाइन व्यापार (Online trading of agricultural produce)

**Q.16** निम्नलिखित में से किस वर्ष बंगाल सरकार ने कलकत्ता इलेक्ट्रिक लाइटिंग अधिनियम पारित किया?

**Ans**
✗ 1. 1911
✗ 2. 1904
✓ 3. 1895
✗ 4. 1900

**Q.17** एलोरा का कैलाश मंदिर निम्नलिखित में से किस प्रकार की वास्तुकला का उदाहरण है?

**Ans**
✗ 1. इस्लामी वास्तुकला
✗ 2. औपनिवेशिक वास्तुकला
✓ 3. रॉक-कट वास्तुकला
✗ 4. काष्ठ वास्तुकला

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में निजी क्षेत्र का संगठन है?

**Ans**
✗ 1. सेल (SAIL)
✓ 2. टिस्को (TISCO)
✗ 3. ओएनजीसी (ONGC)
✗ 4. भारतीय रेल (Indian Railways)

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन-सी परिवहन प्रणाली, भारत में मुख्य रूप से औपनिवेशिक आर्थिक हितों की पूर्ति के लिए विकसित की गई थी?

**Ans**
✗ 1. वायुमार्ग
✗ 2. मेट्रो रेल
✗ 3. अंतर्देशीय जलमार्ग
✓ 4. रेलवे

**Q.20** निम्नलिखित में से किस समूह के लोगों के संबंध में कहा जाता है कि वे सिंधु घाटी युग के उत्तरार्ध में मध्य एशिया से भारत में आए थे?

**Ans**
✗ 1. द्रविड़ (Dravidas)
✗ 2. शक (Shakas)
✓ 3. आर्य (Aryans)
✗ 4. मेसोपोटामियावासी (Mesopotamians)

Adda247

| | |
|---|---|
| **Q.21** | **निम्नलिखित में से किसने 6 अगस्त 1857 को यह लिखते हुए एक तार भेजा था कि, "हमारे लोग विरोधियों की भारी संख्या और अंतहीन लड़ाई से डरे हुए हैं। हर गांव हमारे खिलाफ है, ज़मींदार हमारे विरोध में उठ खड़े हुए हैं"?** |
| **Ans** | ✗ 1. लेफ्टिनेंट कर्नल विलियम लैम्बटन<br>✗ 2. लॉर्ड कॉर्नवालिस<br>✓ 3. लेफ्टिनेंट कर्नल टाइटलर<br>✗ 4. रॉबर्ट क्लाइव |

| | |
|---|---|
| **Q.22** | **2025 में, ISRO ने सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण दशाओं (microgravity conditions) के तहत अंतरिक्ष में निम्नलिखित में से कौन-से बीज अंकुरित किए?** |
| **Ans** | ✗ 1. चने के बीज<br>✗ 2. सोयाबीन के बीज<br>✗ 3. राजमा के बीज<br>✓ 4. लोबिया के बीज |

| | |
|---|---|
| **Q.23** | **9 जुलाई, 1951 को प्रथम पंचवर्षीय योजना निम्नलिखित में से किसने प्रस्तुत की थी?** |
| **Ans** | ✗ 1. सरदार वल्लभभाई पटेल<br>✗ 2. पुरूषोत्तम दास टंडन<br>✓ 3. जवाहरलाल नेहरू<br>✗ 4. राजेंद्र प्रसाद |

| | |
|---|---|
| **Q.24** | **निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, भारत में जनसंख्या वितरण को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं करता है?** |
| **Ans** | ✓ 1. आधिकारिक भाषा<br>✗ 2. मृदा उर्वरता<br>✗ 3. जलवायु<br>✗ 4. स्थलाकृति |

| | |
|---|---|
| **Q.25** | **किस संगठन ने 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड नर्सिंग' रिपोर्ट का 2025 संस्करण जारी किया?** |
| **Ans** | ✗ 1. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)<br>✗ 2. यूनिसेफ (UNICEF)<br>✓ 3. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)<br>✗ 4. विश्व बैंक (World Bank) |

| | |
|---|---|
| **Q.26** | **मार्च 2025 में, ग्रीन एविएशन (green aviation) को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा लॉन्च की गई स्वदेशी इलेक्ट्रिक ट्रेनर वायुयान पहल का नाम क्या है?** |
| **Ans** | ✗ 1. ग्रीन हॉक (Green Hawk)<br>✓ 2. ई-हंसा (E-HANSA)<br>✗ 3. शक्ति (Shakti)<br>✗ 4. वायु (Vayu) |

| | |
|---|---|
| **Q.27** | **उस इंडियन लाइट टैंक (Indian Light Tank) का नाम क्या है, जिसने दिसंबर 2024 में उच्च-ऊंचाई वाले फायरिंग परीक्षणों में एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की?** |
| **Ans** | ✓ 1. जोरावर<br>✗ 2. अर्जुन<br>✗ 3. भीष्म<br>✗ 4. विजयंता |

Adda247

Q.28 1953 में ग्रामीण विकास को अधिक व्यवहार्य (feasibly) रूप से विस्तारित करने के लिए कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ 1. ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण
- ✗ 2. जवाहर रोजगार योजना
- ✗ 3. भारत निर्माण योजना
- ✓ 4. राष्ट्रीय विस्तार सेवा (NES)

Q.29 अप्रैल 2025 में भारतीय जोड़ी मानुष शाह और दीया चितले ने निम्नलिखित में से किस खेल प्रतियोगिता का खिताब जीता था?

Ans
- ✓ 1. WTT कंटेंडर ट्यूनिस 2025 (WTT Contender Tunis 2025)
- ✗ 2. WTT कंटेंडर लागोस 2025 (WTT Contender Lagos 2025)
- ✗ 3. WTT स्टार कंटेंडर लुब्लियाना 2025 (WTT Star Contender Ljubljana 2025)
- ✗ 4. यूनाइटेड स्टेट्स स्मैश 2025 (United States Smash 2025)

Q.30 अनुच्छेद 6 उन व्यक्तियों से संबंधित है जो _____ से भारत आये हैं।

Ans
- ✓ 1. पाकिस्तान
- ✗ 2. बांग्लादेश
- ✗ 3. श्रीलंका
- ✗ 4. नेपाल

Q.31 निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी ने अप्रैल 2025 में, T20 क्रिकेट में 12,000 रन पूरे किए और यह उपलब्धि हासिल करने वाला आठवां खिलाड़ी बन गया?

Ans
- ✗ 1. विराट कोहली
- ✓ 2. रोहित शर्मा
- ✗ 3. रवींद्र जडेजा
- ✗ 4. एम.एस. धोनी

Q.32 वित्तीय सेवा विभाग (DFS) द्वारा 2025 में अधिसूचित चौथे चरण के 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) के विलय के बाद, देश में कितने RRB बचे रहेंगे?

Ans
- ✓ 1. 28
- ✗ 2. 18
- ✗ 3. 25
- ✗ 4. 21

Q.33 क्रिश्चियन स्टॉकर (Christian Stalker) किस देश के संघीय चांसलर हैं?

Ans
- ✗ 1. नॉर्वे
- ✓ 2. ऑस्ट्रिया
- ✗ 3. स्वीडन
- ✗ 4. फिनलैंड

Q.34 जाति उन्मूलन के लिए कार्य करने हेतु परमहंस मंडली की स्थापना निम्नलिखित में से किस शहर में की गई थी?

Ans
- ✗ 1. कानपुर
- ✗ 2. सूरत
- ✓ 3. बॉम्बे
- ✗ 4. पटना

Q.35 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP21) के दौरान विश्व के नेताओं द्वारा जलवायु परिवर्तन पर ऐतिहासिक पेरिस समझौते को कब अपनाया गया?

Ans
1. 2012
2. 1999
3. 2005
4. 2015 ✔

Q.36 निम्नलिखित में से किस राज्य को अपने विशिष्ट प्रथागत विधि और भूमि स्वामित्व प्रथाओं के कारण अनुच्छेद 371A के तहत विशेष प्रावधान प्राप्त है?

Ans
1. नागालैंड ✔
2. सिक्किम
3. मिज़ोरम
4. मणिपुर

Q.37 वाणिज्यिक विरंजन विलयन में सामान्यतः सोडियम हाइपोक्लोराइट का द्रव्यमान प्रतिशत कितना होता है?

Ans
1. 2.57%
2. 5.46%
3. 3.62% ✔
4. 10.85%

Q.38 विसुद्धिमग्ग (Visuddhimagga), एक प्रमुख बौद्ध ग्रंथ, निम्नलिखित में से किस विद्वान द्वारा लिखा गया था?

Ans
1. वासुबंधु
2. आर्यदेव
3. नागार्जुन
4. बुद्धघोष ✔

Q.39 बिर्च और रोडोडेंड्रोन (Birch and Rhododendron) किस प्रकार के वनों में पाए जाते हैं?

Ans
1. वेलांचली एवं अनूप वन
2. उष्णकटिबंधीय कंटक वन
3. उष्णकटिबंधीय सदाबहार और अर्ध सदाबहार वन
4. पर्वतीय वन ✔

Q.40 पश्चिमी विक्षोभ मुख्यतः भारत के किस क्षेत्र के मौसम को प्रभावित करते हैं?

Ans
1. तटीय आंध्र प्रदेश
2. उत्तर-पश्चिम भारत ✔
3. पूर्वी घाट
4. दक्कन का पठार

Section : **Mathematics**

Q.1 ईशान और मेघना को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। ईशान 90 km/hr की चाल से ड्राइव कर रहा है, जबकि मेघना 65 km/hr की चाल से ड्राइव कर रही है। यदि ईशान को कानपुर पहुँचने में 13 घंटे लगते हैं, तो मेघना को कानपुर पहुँचने में कितना समय लगेगा?

Ans
1. 23 घंटे
2. 21 घंटे
3. 27 घंटे
4. 18 घंटे ✔

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.2 दो पाइप एक टंकी को अलग-अलग क्रमशः 36 min और 45 min में भर सकते हैं। टंकी को खाली करने के लिए उसके तल में एक पाइप लगा है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी 70 min में भर जाएगी। यदि कोई अन्य पाइप नहीं खुला है, तो टंकी के तल पर लगा पाइप, पूरी तरह भरी हुई टंकी को खाली करने में कितना समय लेगा?

Ans
- ✗ 1. 44 min
- ✗ 2. 8 min
- ✓ 3. 28 min
- ✗ 4. 20 min

Q.3 मैंने ₹1,200 में दो पेंडेंट खरीदे। मैंने पहला पेंडेंट 10% की हानि पर और दूसरा पेंडेंट 14% के लाभ पर बेचा। यदि कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहले पेंडेंट का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 700
- ✗ 2. 720
- ✗ 3. 724
- ✗ 4. 684

Q.4 सपना ने ₹20,300 की धनराशि में से आंशिक धनराशि 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर और आंशिक धनराशि 6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर निवेश की। यदि वह 6 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज अर्जित करती है, तो 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 8,700
- ✗ 2. 8,699
- ✗ 3. 8,702
- ✗ 4. 8,697

Q.5 रितु, समीर और ईशा ने क्रमशः ₹1,190, ₹1,060 और ₹1,350 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,640 है, तो लाभ में ईशा का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹613
- ✗ 2. ₹614
- ✓ 3. ₹615
- ✗ 4. ₹617

Q.6 यदि एक समबहुभुज के अंतःकोणों का योग उसके बहिष्कोणों के योग के चार गुना के बराबर है, तो बहुभुज में विकर्णों की संख्या कितनी होगी?

Ans
- ✗ 1. 40
- ✗ 2. 25
- ✓ 3. 35
- ✗ 4. 30

Q.7 यदि माता की वर्तमान आयु का 3 गुना, उनकी पुत्री की वर्तमान आयु के 9 गुने से 24 वर्ष अधिक है, और पुत्री की वर्तमान आयु का 4 गुना, माता की वर्तमान आयु से 2 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु के बीच का अंतर (वर्षों में) कितना है?

Ans
- ✗ 1. 22
- ✗ 2. 17
- ✓ 3. 20
- ✗ 4. 15

Q.8 सलमान और विवेक ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹33,900 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹10,000 के कुल लाभ में से, विवेक का हिस्सा ₹3,700 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

Ans
- ✗ 1. ₹9,547
- ✗ 2. ₹9,551
- ✓ 3. ₹8,814
- ✗ 4. ₹8,840

Adda247

Q.9 पाइप A किसी टैंक को 18 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 28 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 11 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans
✗ 1. $7\frac{247}{505}$ घंटे
✗ 2. $10\frac{247}{505}$ घंटे
✓ 3. $5\frac{247}{505}$ घंटे
✗ 4. $11\frac{247}{505}$ घंटे

Q.10 एक संख्या में 70% की वृद्धि करने पर 3400 प्राप्त होता है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 2000
✗ 2. 4000
✗ 3. 6000
✗ 4. 1000

Q.11 यदि 8 और 20 का तृतीयानुपाती x हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 52
✓ 2. 50
✗ 3. 48
✗ 4. 47

Q.12 $95^{-17} \div 95^{9} \times 95^{-15}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $95^{-49}$
✓ 2. $95^{-41}$
✗ 3. $95^{-42}$
✗ 4. $95^{-35}$

Q.13 संख्याओं 5.3 और 0.4 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 212
✗ 2. 0.212
✗ 3. 2.12
✓ 4. 21.2

Q.14 ₹4,000 की धनराशि पर 7.5% वार्षिक दर से 4 फरवरी 2024 से 5 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 50
✗ 2. 51
✗ 3. 48
✗ 4. 49

Q.15 पाँच ठोस घन, जिनमें से प्रत्येक का आयतन 39304 $cm^3$ है, उनके सिरों को जोड़कर एक घनाभ बनाया जाता है। घनाभ का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा?

Ans
✓ 1. 13872
✗ 2. 13905
✗ 3. 13877
✗ 4. 13838

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 संख्या 563607 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✔ 1. 3
✘ 2. 13
✘ 3. 10
✘ 4. 8

Q.17 10 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 16 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। इन पुस्तकों पर हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 60% हानि
✘ 2. $\frac{100}{6}$% लाभ
✔ 3. 60% लाभ
✘ 4. $\frac{100}{6}$% हानि

Q.18 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 80% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और डाले गए मतों में से 19% अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों के 70% मत मिले और उसने 1458 मतों के अंतर से चुनाव जीत लिया। पंजीकृत मतदाताओं की संख्या कितनी थी?

Ans
✘ 1. 5627
✔ 2. 5625
✘ 3. 5623
✘ 4. 5622

Q.19 10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं।
17, 19, 12, 20, 19, 14, 15, 18, 19, 14
दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 17
✘ 2. 20
✘ 3. 12
✔ 4. 19

Q.20 $x(2x - 3) + 2(x^2 - 4) + 16$ को सरल कीजिए।

Ans
✔ 1. $4x^2 - 3x + 8$
✘ 2. $-4x^2 - 3x - 8$
✘ 3. $4x^2 - 3x - 8$
✘ 4. $-4x^2 - 3x + 8$

Q.21 2 पेन और 15 पेंसिल की कीमत ₹286 है। यदि पेन की कीमत ₹4 प्रति पेन कम हो जाती है और पेंसिल की कीमत ₹2 प्रति पेंसिल बढ़ जाती है, तो 17 पेन और 3 पेंसिल की कीमत ₹128 हो जाती है। 11 पेन और 8 पेंसिल की मूल कीमत कितनी होगी?

Ans
✘ 1. ₹228
✘ 2. ₹235
✔ 3. ₹232
✘ 4. ₹229

Q.22 $\sqrt{196} + \sqrt{0.0361} - \sqrt{7.29}$ का मान ____ है।

Ans
✔ 1. 11.49
✘ 2. 16.25
✘ 3. 9.66
✘ 4. 16.65

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.23 एक विक्रेता ₹25,000 अंकित मूल्य के रेफ्रिजरेटर पर 15% और 12% की क्रमिक छूटें देता है। अंतिम विक्रय मूल्य कितना होगा?

Ans
✔ 1. ₹18,700
✘ 2. ₹18,800
✘ 3. ₹19,000
✘ 4. ₹18,900

Q.24 ट्रेन A, स्टेशन M से 6:25 AM पर निकलती है और उसी दिन 3:25 PM पर स्टेशन N पर पहुँचती है। ट्रेन B, स्टेशन N से 8:25 AM पर निकलती है और उसी दिन 2:25 PM पर स्टेशन M पर पहुँचती है। ट्रेन A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 12:13 PM
✘ 2. 11:43 AM
✔ 3. 11:13 AM
✘ 4. 10:53 AM

Q.25 $\frac{4}{3}+\left(\frac{1}{1+\frac{5}{6}}\right)-\frac{5}{4}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $\frac{89}{126}$
✘ 2. $\frac{85}{134}$
✔ 3. $\frac{83}{132}$
✘ 4. $\frac{93}{125}$

Q.26 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 17 और 1224 है। यदि इनमें से एक संख्या 136 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 153
✘ 2. 102
✘ 3. 85
✘ 4. 119

Q.27 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए रनों का औसत 43 है। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 16 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 35.82
✘ 2. 36.82
✘ 3. 33.82
✔ 4. 34.82

Q.28 8 cm त्रिज्या वाले एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✔ 1. $803.84\ cm^2$
✘ 2. $805.54\ cm^2$
✘ 3. $800.08\ cm^2$
✘ 4. $801.18\ cm^2$

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.29** एक शर्ट का अंकित मूल्य ₹500 है। यदि दुकानदार 20% की छूट देता है, तो शर्ट का विक्रय मूल्य कितना होगा?

Ans
1. ₹420
2. ₹400 ✔
3. ₹450
4. ₹480

**Q.30** यदि $P = \tan\theta + \sec\theta$ है, तो $\tan\theta$ का मान ज्ञात करें।

Ans
1. $\frac{P^2+1}{P}$
2. $\frac{P^2-1}{P+1}$
3. $\frac{P^2-1}{2P}$ ✔
4. $\frac{P^2+1}{2P}$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

RUST - URST - RSTU
KITE - IKTE - KTEI

Ans
1. MANY - AMNY - MNYA ✔
2. VEIN - VIEN - NIEV
3. SPOT - PSOT - POTS
4. MINK - IMNK - KINM

**Q.2** एक कक्षा में, सभी 79 विद्यार्थी उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। शांतनु दाएं छोर से 37वें स्थान पर है जबकि वाणी बाएं छोर से 23वें स्थान पर है। शांतनु और वाणी के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
1. 19 ✔
2. 18
3. 20
4. 21

**Q.3** यदि संख्या 9524367 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. तीन ✔
2. एक भी नहीं
3. दो
4. एक

**Q.4** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 ÷ 6 + 28 × 4 − 11 = ?

Ans
1. 74
2. 78
3. 72
4. 76 ✔

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.5 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी दरवाज़े, कालीन हैं।
कोई कालीन, चटाई नहीं है।
निष्कर्ष:
(I) कोई दरवाज़ा, चटाई नहीं है।
(II) कोई चटाई, कालीन नहीं है।

Ans
- ✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✓ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.6 नीलेश, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 17 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 31 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 45 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 23 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 28 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✓ 1. 54 km, पूर्व की ओर
- ✗ 2. 49 km, पूर्व की ओर
- ✗ 3. 61 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 4. 58 km, पश्चिम की ओर

Q.7 सात बॉक्स, A, B, C, D, K, L और O, एक के ऊपर एक करके रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। O के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। L के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। L और D के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। C को K के ठीक ऊपर रखा गया है। A को B के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। B और C के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ 1. एक
- ✗ 2. तीन
- ✓ 3. चार
- ✗ 4. दो

Q.8 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. GJP
- ✗ 2. KNT
- ✗ 3. ORX
- ✓ 4. QIA

Q.9 सात व्यक्ति A, B, C, D, P, Q और R एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
B के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। R, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
A के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ 1. दो
- ✓ 2. एक
- ✗ 3. तीन
- ✗ 4. चार

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'life is mysterious' को 'qr gt ob' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'give his life' को 'ob ft rd' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'life' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✔ 1. ob
✘ 2. qr
✘ 3. ft
✘ 4. rd

Q.11 B, A का भाई है। A, C की पत्नी है। C, K का पिता है। K, S की माता है। B का S से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. माता की माता का भाई
✘ 2. माता की माता की बहन
✘ 3. माता की बहन का पुत्र
✘ 4. माता की बहन की पुत्री

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, IGBF एक निश्चित तरीके से OMHL से संबंधित है। उसी तरह KIDH, QOJN से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MKFJ दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
✔ 1. SQLP
✘ 2. QSLP
✘ 3. QSPL
✘ 4. SQPL

Q.13 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(45, 80, 5)
(39, 30, 24)

Ans
✘ 1. (15, 10, 11)
✘ 2. (15, 0, 16)
✘ 3. (27, 6, 25)
✔ 4. (45, 72, 9)

Q.14 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F और A के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। F के ऊपर केवल B को रखा गया है। G और E के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। C के ठीक ऊपर D को रखा गया है। E को D के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। E और F के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✘ 1. 4
✘ 2. 1
✔ 3. 3
✘ 4. 2

Q.15 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

112 101 90 79 68 ?

Ans
✘ 1. 56
✔ 2. 57
✘ 3. 55
✘ 4. 54

**Q.16** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। (नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 6 2 & % 5 9 # 8 $ 7 + Ω @ 1 * £ 3 4 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य प्रतीक तथा ठीक बाद एक संख्या है?

**Ans**
✔ 1. 3
✗ 2. 4
✗ 3. 5
✗ 4. 2

**Q.17** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
SDF : RCE
MVZ : LUY

**Ans**
✔ 1. BGJ : AFI
✗ 2. CNR : DOS
✗ 3. ADH : BFJ
✗ 4. RTY : SZU

**Q.18** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
DKC ZGY ? RYQ NUM

**Ans**
✗ 1. UDU
✗ 2. VCV
✗ 3. VDU
✔ 4. VCU

**Q.19** दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

BGS 153, XLO 142, TQK 131, PVG 120, LAC 109, ?

**Ans**
✗ 1. FHA 98
✔ 2. HFY 98
✗ 3. IDX 101
✗ 4. GDZ 101

**Q.20** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PEST' को '4597' और 'HEPS' को '7654' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'H' का कूट क्या होगा?

**Ans**
✔ 1. 6
✗ 2. 7
✗ 3. 5
✗ 4. 4

**Q.21** L, M, N, O, Q, R और S एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के दाईं ओर से गिनती करने पर, O और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, Q के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। S के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
✗ 1. N
✔ 2. Q
✗ 3. L
✗ 4. R

Adda247

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. MC - PY
✓ 2. YV - CR
✗ 3. JB - MX
✗ 4. PF - SB

Q.23 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 8 24 96 ? 2880

Ans
✓ 1. 480
✗ 2. 320
✗ 3. 410
✗ 4. 240

Q.24 संख्या 5936814 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से दूसरे अंक और दाएँ से चौथे अंक का योग कितना होगा?

Ans
✗ 1. 11
✗ 2. 9
✗ 3. 13
✓ 4. 8

Q.25 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 − 9 × 3 + 4 ÷ 2 = ?

Ans
✗ 1. 17
✗ 2. 19
✓ 3. 20
✗ 4. 18

Q.26 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

991 990 992 991 993 992 994 ?

Ans
✓ 1. 993
✗ 2. 992
✗ 3. 996
✗ 4. 995

Q.27 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 538 745 317 853 276 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 9
✓ 3. 10
✗ 4. 11

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.28 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी भेड़िये, गैंडे हैं।
कोई गैंडे, कंगारू नहीं है।

निष्कर्ष:
I: कोई कंगारू, भेड़िये नहीं है।
II: कुछ कंगारू, भेड़िये हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.29 विग्नेश, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 17 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 25 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 25 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✔ 1. 26 km, उत्तर की ओर
✗ 2. 26 km, पूर्व की ओर
✗ 3. 13 km, पश्चिम की ओर
✗ 4. 19 km, दक्षिण की ओर

Q.30 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. DFB
✗ 2. MOK
✔ 3. OSP
✗ 4. OQM

Adda247